उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

<u>सूचना / विज्ञप्ति</u>

<u>उ0प्र0पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 ''शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अन्तिम तिथि'' को विस्तारित किए जाने की सूचना विषयक।</u>

संख्याः पीआरपीबी–एक–1(150)/2023 दिनांकः जनवरी ,2024

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 23.12.2023 के माध्यम से दिनांक 27.12.2023 से 16.01.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुये शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 18.01.2024 निर्धारित की गयी है।

2– अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अन्तिम तिथि पर भुगतान करने एवं प्रमाण पत्र डिजीलॉकर/मैनुअल अपलोड किये जाने हेतु अभ्यर्थियों के अधिक संख्या सम्भावित होने के दृष्टिगत ''शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अन्तिम तिथि'' को विस्तारित करते हुऐ इसे दिनांक 17.01.2024 से 20.01.2024'' तक निर्धारित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

3– अतः अभ्यर्थीगण उपरोक्तानुसार दिनांक 17.01.2024 से 20.01.2024 तक ''शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन तथा जिन अभ्यर्थियों द्वारा अपने अभिलेख डिजीलॉकर के माध्यम से अपलोड नहीं कर पाये हैं, वह डिजीलॉकर के माध्यम से अभिलेख अपलोड कर सकते हैं।

4– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/ निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

16/1/24

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।